आगरा और प्रयागराज में बनेगा औद्योगिक क्लस्टर

लखनऊ। यूपी में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार ने आगरा और प्रयागराज में दो बड़े औद्योगिक क्लस्टर को मंजूरी दे दी है। ये एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे (एकेआईसी) में विकसित होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र से इसकी अनुमति देने का आग्रह किया था।

इस पर 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। दोनों क्लस्टर को नोडल एजेंसी के रूप में यूपी औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) विकसित करेगा। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी के अनुसार, पूर्वी और पश्चिमी यूपी में संतुलित विकास को बढ़ावा देने के लिए इन दोनों प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। ब्यूरो